दिन– मंगलवार दिनांक– 20 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नवीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। आज होगी औपचारिक घोषणा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के तहत गोपालगंज जिले को तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा– प्रदेश में इस बार पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के चुनाव ई वी एम के जरिए होंगे।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में अत्यधिक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नवीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉक्टर के. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नवीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी। श्री लक्ष्मण ने बताया कि नितिन नवीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के सैंतीस सेट प्राप्त हुए हैं। जांच में सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए और वैध पाए गए। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज गोपालगंज जिले का दौरा करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री जिले को तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

–––बाईट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बरौली प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार एक सौ पैंतीस करोड़ रुपये लागत वाली योजनाओं का लोकापर्ण करेंगे, जबकि एक सौ इक्यासी करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के क्रम में इस दौरान जिले में चलायी जा रही विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। साथ ही वे जन संवाद को भी संबोधित करें। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मदेश कुमार तिवारी।

———————————————————————————

प्रदेश में इस बार पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के विभिन्न छह पदों पर होने वाले चुनाव ई वी एम के जरिए होंगे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने

औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि मतदान में मल्टी पोस्ट ई वी एम का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव में मतदाताओं के सत्यापन के लिए चेहरा पहचान तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार की नई इथेनॉल नीति से इथेनॉल प्लांट की उत्पादन क्षमता पर आ रहे प्रतिकूल प्रभाव का जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा। पूर्णिया में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार जल्द ही नई नीति लाएगी।

–––बाइट–––

गौरतलब है कि, केंद्र सरकार की नई इथेनॉल नीति के तहत बिहार में तेल कंपनियों की ओर से इथेनॉल खरीद को सौ प्रतिशत से घटाकर पचास प्रतिशत कर दिए जाने से राज्य के चौदह डेडिकेटेड इथेनॉल प्लांट गंभीर संकट में आ गए हैं। कई प्लांट या तो आधी क्षमता पर चल रहे हैं या पूरी तरह बंद हो गए हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में लालू प्रसाद ने घोटाले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया है। राजद अध्यक्ष ने प्राथमिकी के साथ–साथ वर्ष दो हजार बाईस–दो हजार तेईस और दो हजार चौबीस में दायर आरोप पत्रों और संज्ञान संबंधी आदेशों को भी रद्द करने का अनुरोध किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

देश इस वर्ष छब्बीस जनवरी को सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जनता की भागीदारी बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के अंतर्गत कई अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

–––बाईट–––

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड देश की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति की एक अनुपम झलक है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परेड को देखने के लिए करीब 10 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। इसमें नवाचारक, स्टार्टअप से जुड़े युवा, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य और विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले लोग भी शामिल हैं। इसके साथ ही आय और रोजगार सृजन में अहम योगदान देने वाले लोगों को भी इस परेड में शामिल होने का अवसर दिया गया है। मंत्रालय बताया कि इन लोगों को आमंत्रित करने का उद्देश्य उनके योगदान का सम्मान करना और राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में जन भागीदारी को और मजबूत करना है। सौम्या सरन के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए राज्य के दस मुखिया को निमंत्रण मिला है। इनमें सहरसा जिले के महिषी प्रखंड के पंचायत बीरगांव की मुखिया अर्चना आनंद और ग्राम पंचायत नहरवार की मुखिया नूतन भारती भी शामिल हैं। नूतन भारती निमंत्रण मिलने पर काफी उत्साहित हैं और कहती हैं कि ये उनके कामों का सम्मान है।

---बाईट---

---

सर्वोच्च न्यायालय ने हवाई किरायों में होने वाली अप्रत्याशित वृद्धि पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए विमानन कंपनियों द्वारा हवाई किराये में की गई अत्यधिक बढ़ोतरी को यात्रियों का शोषण बताया। खंडपीठ ने केंद्र सरकार और नागर विमानन महानिदेशालय से इस संबंध में जवाब दाखिल करने को कहा है। निजी विमानन कंपनियों के किराये और अन्य शुल्कों में होने वाली अप्रत्याशित वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए नियामक दिशानिर्देशों हेतु जनहित याचिका दायर की गई थी। अगली सुनवाई तेईस फरवरी को होगी।

---

पटना हाईकोर्ट ने मामलों की सुनवाई का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। न्यायमूर्ति आर.पी. मिश्रा की एकलपीठ ने कल शराबबंदी कानून से संबंधित पांच सौ दस मामलों की सुनवाई के साथ यह रिकॉर्ड बनाया। न्यायमूर्ति आरपी मिश्रा के न्यायकक्ष में कल पांच सौ दस केस सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए गए थे। इस दौरान सभी मामलों की सुनवाई के लिए पुकार लगाई गई। इनमें चार सौ पचहत्तर मामलों की सुनवाई कर उन्हें निष्पादित किया गया। वहीं, जिस केस में वकील उपस्थित नहीं हुए, उसे अगले दिन के लिए सूचीबद्ध रखने का आदेश जारी किया गया।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने एग्री स्टैक अभियान के तहत निर्धारित अवधि में पचास प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। एग्री स्टैक और किसान रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। एग्री स्टैक अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक किसान की यूनिक आईडी बनायी जाती है। इस आईडी के आधार पर किसानों को सभी संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा।

---

शब–ए–बरात के मौके पर तीन फरवरी की रात इबादत की जायेगी और चार फरवरी को रोज़ा रखा जायेगा। इमारत–ए–शरिया के नायब काजी ए शरियत मुफ्ती वसी अहमद कासमी ने बताया कि शाबान के महीने का चांद कल नजर नहीं आया। इसके मद्देनजर शब–ए–बरात तीन फरवरी को मनाया जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सिस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने कहा है कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की सम्भावना है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के पंडौल पावर ग्रिड में पिछले दिनों हुये हादसे में घायल सहायक कार्यपालक अभियंता अश्विनी कुमार और ऑपरेटर सज्जन कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गयी। दोनों का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा था।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने औरंगाबाद जिले के दाउद नगर अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित लिपिक बृज मोहन लाल को दो हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लिपिक एक जीएनएम की हाजिरी बनाने के लिए रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————————

पटना के राजेन्द्र नगर टर्मिनल के पास अपराधियों ने हथियार के बल पर एक कारोबारी से बाईस लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये। इस दौरान अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की। पीड़ित हाजीपुर का रहने वाला है।

———————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्यों में लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप में पंचायत रोजगार सेवक राधारमण साह के अनुबंध को रद्द कर दिया है।

———————————————————————————

और अब खबरें खेल जगत से.....

राजगीर खेल परिसर में कल से तीन दिवसीय महामना हॉकी गोल्ड कप टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय सांसद कौशलेन्द्र

कुमार ने प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। इस प्रतियोगिता में सात राज्यों की सोलह टीमें भाग ले रही हैं। कल पहले दिन बारह मुकाबले खेले गये।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए बिहार पुरूष अंडर ट्वेंटी थ्री टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान पृथ्वी राज को सौंपी गयी है। यह प्रतियोगिता तेईस जनवरी से नगालैंड के दीमापुर में आयोजित होगी।

——————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियों के साथ हैं, अभिषेक दास।

———बाईट———

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है— भाजपा में अब नवीन युग, नितिन नवीन के पार्टी अध्यक्ष बनने के औपचारिकताएं पूरी, ऐलान आज।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है— केन्द्र सरकार की मदद से रोजगार और आय दोगुनी करने का लक्ष्य।

चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता देते हुये लिखा है— नई ऊंचाई, तैंतीस दिन में चांदी दो लाख से तीन लाख रूपये प्रति किलो हुई।

प्रभात खबर लिखता है— राजद के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जा सकते हैं, तेजस्वी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं— यूएई राष्ट्रपति पहुंचे भारत, पीएम मोदी ने किया स्वागत। बोले—भाई—भाई को लेने पहुंचा।

आज अखबार की सुर्खी है— भारत का जीडीपी ग्रोथ रेट बढ़कर सात दशमलव तीन प्रतिशत हुआ।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नवीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। आज होगी औपचारिक घोषणा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के तहत गोपालगंज जिले को तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा— प्रदेश में इस बार पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के चुनाव ई वी एम के जरिए होंगे।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में अत्यधिक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।